रोग ▶ बाकल पठार क्षेत्र में बंपर पैदावार की उम्मीद पर मंडराया संकट, किसान हो रहे परेशान

# फसलों में ब्लास्टर, लीफ ब्लाइट, भूरा माहू का कहर

**नवभारत, बाकल।** इस वर्ष मौसम ने किसानों पर खासा मेहरबान रहते हुए अच्छी बारिश दी है। पिछले एक दशक में पहली बार ऐसी अनुकूल बारिश होने से किसानों को धान की बंपर पैदावार की उम्मीदें बंधी थीं। खेतों में लहलहाती फसल देखकर किसानों के चेहरे खिल उठे थे, लेकिन अब धान की फसल में तेजी से फैल रहे रोगों ने उनकी नींद उड़ा दी है।

धान में ब्लास्टर, बैक्टीरियल लीफ ब्लाइट और भूरा माहू जैसे रोगों ने बाकल पठार क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ा दी है। विशेषज्ञों के अनुसार ये रोग फसल को कमजोर कर उसकी पैदावारी पर प्रतिकूल असर डालते हैं। वही कृषि विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों सुस्ती



साफ नजर आ रही है। कृषि विभाग पठार क्षेत्र की फसलों का अभी तक मुआयना तक नहीं किया और बचाव के उपाय भी किसानों को नहीं बताए हैं। जिससे क्षेत्र के किसान चिंतित है।

बताया गया कि विभाग के आला अधिकारी किसानों की कोई मदद करने में रुचि नहीं दिखाते है नतीजन किसान परेशान है। जागरूक किसानों ने समय पर फसल पर दवाओं का छिड़काव कर रोगों को काफी हद तक नियंत्रित कर लिया है। लेकिन कई किसान अभी भी अपनी फसल को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। स्थानीय कृषक काशीराम लोधी का कहना है कि हमने उम्मीद की थी कि इस बार धान का अच्छा दाम मिलेगा और कर्ज भी उतर जाएगा। लेकिन रोग फैलने से उत्पादन घटने का डर बना हुआ है। धान उत्पादक किसानों का कहना है कि मुख्यमंत्री द्वारा धान उपार्जन पर घोषित चार हजार रुपए प्रति हेक्टेयर की प्रोत्साहन राशि अब तक किसानों को मिल गई होती तो वे कर्ज के बोझ से मुक्त हो पाते।

बाकल क्षेत्र के अन्य किसान अनिल पटेल चरगवां, रामकिशोर बाकल, नारायण डिहुटा, सीताराम खमतरा, उम्मेद बाकल, उमाशंकर, सुनमान, कन्हैया लाल सिंहुंडी निवासी ने बताया कि हमारी मेहनत फसल के साथ बर्बाद हो रही है। सरकार से यही उम्मीद है कि समय रहते मदद मिले। किसान संगठनों ने सरकार से तत्काल राहत उपाय की मांग की है। उनका कहना है कि तत्काल सर्वे कर प्रभावित किसानों को आर्थिक सहायता दी जाए और उपार्जन प्रोत्साहन राशि का भुगतान जल्द किया जाए। कृषकों का कहना है कि फसल में लगने वाले रोगों से उपज प्रभावित होती है और किसानों को आपदा जैसी स्थिति से जूझना पड़ता है। इस कारण उन्होंने मांग की है कि धान समेत अन्य फसलों में रोगजनित नुकसान को भी फसल बीमा योजना में शामिल किया जाए ताकि नुकसान की भरपाई हो सके। किसानों ने मांग की है कि रोग प्रभावित फसलों का तत्काल सर्वे किया जाए। प्रभावित किसानों को मुआवजा और राहत राशि दी जाए। फसल बीमा में रोगजनित क्षति को शामिल किया जाए। उपार्जन प्रोत्साहन राशि जल्द दी जाए।



## सेवा पखवाड़े में लगेंगे रक्तदान शिविर, रौपेंगे पौधे

▶ गोपालपुर में सिलौंड़ी भाजपा मंडल की कार्यशाला आयोजित

**नवभारत उमरियापान।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, भाजपा संगठन के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा 11 सितंबर से 2 अक्टूबर तक के कार्यक्रमों के संदर्भ में सिलौंडी मंडल के शक्ति केंद्र गोपालपुर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम भारत माता के चित्र पर तिलक वंदन करते हुए पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिसके बाद सिलौंडी मंडल प्रभारी जितेंद्र अरोरा ने सेवा पखवाड़ा अन्तर्गत आगामी कार्यक्रमों के विषय में जानकारी दी। मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ने आगामी 18 सितंबर को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के बड़वारा आगमन पर कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारी पर चर्चा की। पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय ने आगामी कार्यक्रम के संबंध में अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन मंडल उपाध्यक्ष अरविंद तिवारी ने किया। मंडल उपाध्यक्ष अमित राय ने कार्यक्रम के अंत में भारत माता की जयघोष के साथ आभार व्यक्त किया। बैठक में भाजपा सिलौडी मंडल प्रभारी जितेंद्र अरोरा, मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी, प्रशांत राय, मंडल उपाध्यक्ष अमित राय, अरविंद तिवारी, संतोष विश्वकर्मा, सोनू दुबे, महामंत्री सदन तिवारी, मंडल कार्यालय मंत्री विनोद राय, सहकारिता प्रकोष्ठ मंडल संयोजक अनिल पांडे, पूर्व मंडल महामंत्री नरेंद्र उपाध्याय, भरत शुक्ला, सोशल मीडिया मंडल प्रभारी धीरज जैन, शिवकुमार दाहिया सहित अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### एक नजर में

#### जिले में अब तक 1030 मिलीमीटर हुई औसत बारिश

**नवभारत, कटनी।** जिले में 1 जून से 13 सितम्बर तक 1030.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले वर्ष अब तक 1007.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 2.3 प्रतिशत अधिक औसत बारिश हुई है। भू अभिलेख अधीक्षक अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में अब तक कटनी तहसील में 1127.6, रीठी में 1368.9, बड़वारा में 905, बरही में 906, विजयराघवगढ़ में 890.7, बहोरीबंद में 905.6, स्लीमनाबाद तहसील में 1198.6, और ढीमरखेड़ा तहसील में 937.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। शहर में शुक्रवार को भी तेज बारिश हुई थी, वहीं शनिवार को भी रिमझिम बारिश हुई है।

#### शंभू प्रसाद पांडेय का निधन

**नवभारत, उमरियापान।** जिले के उमरियापान थाना क्षेत्र के बिछिया गावं निवासी सेवानिवृत्त प्राचार्य शंभू प्रसाद पांडेय का 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे उमरियापान और ढीमरखेड़ा शासकीय शाला में प्राचार्य पद पर अपनी सेवाएं दी थी, काफी समय से बीमार वे थे और नागपुर में इलाज चल रहा था वे अभय प्रकाश पांडे, सत्यनारायण पांडे मुरारी, ओमप्रकाश, आनंद प्रकाश पांडे के पिता थे। उनके निधन से पूरे पांडे परिवार में शोक की लहर व्याप्त है।

#### प्रतिभा योजना के तहत करें आवेदन

**नवभारत, कटनी।** राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में सफलता अर्जित करने वाले अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों से जनजातीय कार्य विभाग ने प्रतिभा योजना के तहत आवेदन मांगे हैं। ऐसे छात्र जिन्होंने जेईई मेन या एडवांस, नीट, क्लैट जैसी परीक्षाओं में सफल होकर आईआईटी, एम्स, एनडीए जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश लिया है, वे इस योजना के लिए पात्र हैं। योजनांतर्गत जिन छात्रों के परिवार की वार्षिक आय 6 लाख रूपए से कम है, उन्हें 50 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। जबकि जिन छात्रों के परिवार की वार्षिक आय 6 लाख से 10 लाख रूपए के बीच है, उन्हें 25 हजार रूपए दिए जाएंगे। आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 सितंबर है।

## फ्रॉड से बचने अनजान व्यक्ति से शेयर नहीं करें ओटीपी

▶ पुलिस ने किया ग्रामीणों से संवाद, सायबर फ्रॉड की दी जानकारी

**नवभारत, बहोरीबंद।** जिले के बहोरीबंद थाना प्रभारी अखलेश दाहिया व्दारा बहोरीबंद क्षेत्र - अमगवा, देवरी, तिगमा मंदिर प्रागंढ, पथराडी पिपरिया, कैमोरी, कैमोरी भटवा मे पुलिस जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे ग्रामीणों, सरपंच, सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पुलिस जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं और सुझावों को सुना गया। जनसंवाद



में पुलिस द्वारा समाजिक बुराईयो से बचने, सायबर क्राईम फ्राड की जानकारी दी गई। ग्रामीणों को बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति को ओटीपी शेयर नहीं करें। अपने पहचान संबंधी दस्तावेज फोटो नहीं दें। पुलिस ने यातायात नियमो को पालन करने, नशे के दुष्प्रभाव के संबंध में भी जानकारी दी। ग्रामीणों को अफवाहों से दूर रहने और उनको नहीं फैलाए की बात कही गई। किसी भी समस्या की सूचना देने की समझाइस दी गई। सूचना पर तत्काल कार्रवाई का आश्वासन ग्रामीणों दिया गया है।

## सार्वजनिक स्थान में शराब पीने वालों से लगवाई गई उठक-बैठक

▶ शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही

**नवभारत, बाकल।** जिले के बाकल थाने के सार्वजनिक क्षेत्र में शराब पीने और शराब पीकर वाहन चलाने वालों को पुलिस ने उठक-बैठक करने की सजा दी। पुलिस ने अपने सामने ही 6 युवकों से उठक-बैठक लगवाई। पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया और स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में बाकल थाना पुलिस द्वारा आमजन



की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने और क्षेत्र को भयमुक्त वातावरण देने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पाए जाने पर मवई निवासी रमेश पिता रामदास काछी, किशोरी पिता सोनेलाल काछी, राजकुमार पिता सतैया काछी और बसेहड़ी गांव निवासी कृष्ण कुमार पिता रामलाल लोधी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। वाहन चालकों की सुरक्षा और सड़क सुरक्षा के उद्देश्य से थाना स्तर पर विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले दो चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस ने बताया कि अभियान का उद्देश्य क्षेत्रवासियों को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना है। लोगों कानून का पालन करने, असामाजिक गतिविधि, शराब पीकर वाहन चलाने की जानकारी पुलिस को देने की बात कही गई है। कार्रवाई में थाना प्रभारी एसआई प्रतीक्षा सिंह चंदेल, एसआई बीएल ठाकुर, एएसआई बीएम चौधरी, प्रधान आरक्षक अवधेश मिश्रा, आरक्षक कमलकांत यादव, अंकित कनौजिया, राजभान, बुद्धू, ग्राम रक्षा समिती के सुधीर बर्मन, सीताराम पटेल की भूमिका रही है।

## नदी के पिलर में फंसा मिला शव, चार दिन से लापता था युवक

▶ माधवनगर क्षेत्र का रहने वाला है मृतक, पुलिस ने शुरू की जांच

**नवभारत, कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र के गाटरघाट स्थित ब्रिज के पिलर के पास एक युवक का शव मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एनडीआरएफ की टीम की मदद से शव को नदी से बहार निकलवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की पहचान माधवनगर थाना क्षेत्र निवासी अजय बत्रा के रूप में की गई है। अजय बत्रा पिछले चार दिनों से घर से लापता



थे। पुलिस ने बताया कि गाटर घाट के पास एक युवक का शव मिलने की जानकारी मिली थी। जिसके बाद पुलिस टीम घटना स्थल पहुंची। पुलिस ने नदी से शव को निकालने का प्रयास किया, लेकिन पानी का बहाव तेज होने के कारण सफलता नहीं मिली। जिसके बाद पुलिस टीम ने एनडीआरएफ की टीम को सूचना दी। जिसके बाद वहां पर एनडीआरएफ की टीम पहुंची और रेस्क्यू करते हुए शव को नदी से बाहर निकाला। पुलिस ने युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मर्ग मामले की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ लोगों ने गाटरघाट में कटनी नदी के ऊपर बने पुल के एक पिलर में एक युवक की लाश फंसी हुई देखी। जिसके बाद वहां पर वहां भीड़ जमा हो गई। लोगों ने इस बात की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस पहुंची। नदी में पानी अधिक होने और बहाव तेज होने के कारण शव निकालने के लिए एनडीआरएफ को सूचना दी। जिसके बाद एनडीआरएफ के सहयोग से नदी से शव को बाहन निकाला गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से युवक की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा होगा।

## जुलूस मार्ग में रहे बिजली, सफाई की पर्याप्त व्यवस्था

▶ नवरात्रि और दशहरा पर्व की तैयारियों के मद्देनजर आयोजित की गई बैठक

**नवभारत, कटनी।** आगामी नवरात्रि और दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से मनाए जाने के लिए सभी आवश्यक इंतज़ामों के तैयारियों के उद्देश्य से एसडीएम प्रमोद कुमार चतुर्वेदी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में इन त्यौहारों के दौरान जुलूस मार्गों में विद्युत और प्रकाश व्यवस्था, मार्गों की मरम्मत और साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, लाउड स्पीकर,



कंट्रोल रूम, यातायात व्यवस्था और बैरिकेडिंग व्यवस्था, समय पर जुलूस शुरू करना, प्रतिमाओं को क्रमानुसार रखना, आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, सुविधाजनक विसर्जन हेतु विसर्जन कुंडों की व्यवस्था, अपराधों की रोकथाम और नशामुक्ति संबंधी कार्रवाई के संबंध में चर्चा की गई।

बैठक के दौरान तहसीलदार कटनी नगर, कोतवाली माधवनगर, एनकेजे, कुठला और रंगनाथनगर थाने के प्रभारी सहित नगर निगम के राजस्व अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी रही।

## मोटे अनाजों में प्रचुर मात्रा में होते हैं पौष्टिक तत्व

▶ शासकीय तिलक कॉलेज में किया गया पोषण आहार कार्यक्रम का आयोजन

**नवभारत, कटनी।** शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई की अध्यक्षता और कार्यक्रम अधिकारी डॉ माधुरी गर्ग के नेतृत्व में पोषण आहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में प्राचार्य ने कहा कि भोजन जीवन का आवश्यक तत्व है, भोजन की पौष्टिकता अत्यंत आवश्यक है। हमें अपने भोजन में पौष्टिक तत्वों को लगातार लेना चाहिए। तभी हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। वहीं डॉ माधुरी गर्ग ने कहा कि मोटे अनाज में प्रचुर मात्रा में पौष्टिक तत्व पाए जाते हैं। मोटे



अनाजों के माध्यम से हमें सभी प्रकार के विटामिन, मिनरल्स, लोह तत्व प्राप्त होते हैं। इसे अपने भोजन में इन्हें अवश्य शामिल करना चाहिए।

यहां उपस्थित विद्यार्थियों में रूचि रजक, आकांक्षा पटेल, नमिता सिंह, लक्ष्मी रैदास, भारती बर्मन, सुशील कुशवाहा, दुर्गा साहू, पार्वती चक्रवर्ती, शालिनी बर्मन, राशि सोनी, महिमा चौधरी, पूनम बर्मन, काजल उपाध्याय, शिवानी गाडरी, रमा सहित अन्य छात्राओं ने पौष्टिक तत्व युक्त भोजन के स्टॉल लगाकर विद्यार्थियों को इस संदर्भ में जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ रुक्मणी प्रताप सिंह, डॉ अतुल कुमार सिंह, डॉ प्रतिमा त्रिपाठी की उपस्थिति रही।

## पुलिस बल की मौजूदगी में वृद्धा को दिलाया गया घर का कब्जा

▶ एसडीएम के आदेश पर तहसीलदार की उपस्थिति में की गई कार्रवाई

**नवभारत, कटनी।** अपनी वृद्ध मां को घर से बाहर निकालने और उनके साथ मारपीट करने के मामले में सुनवाई के बाद एसडीएम प्रमोद कुमार चतुर्वेदी द्वारा दिए गए आदेश के पालन में शनिवार को तहसीलदार आशीष अग्रवाल और टीआई कोतवाली अजय सिंह ने कार्रवाई करते हुए वृद्ध महिला राजकुमारी को उनके घर का कब्जा वापस दिलाया।

यह मामला तब सामने आया था जब अल्फर्ट गंज निवासी राजकुमारी ने माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक का भरण पोषण कल्याण अधिनियम के तहत न्यायालय में आवेदन किया। उन्होंने आरोप लगाया था कि



उनके दोनों बेटे, आशीष ठाकुर और शिव सिंह ठाकुर, और उनकी बहू आरती ठाकुर ने उन्हें घर से निकाल दिया है और वे घर को तोड़कर गोदाम बनाना चाहते हैं। एसडीएम ने मामले की सुनवाई करते हुए पाया कि घर राजकुमारी के नाम पर ही दर्ज है। इसके बाद एसडीएम ने आदेश दिया था कि दोनों बेटे अपनी मां को हर महीने 10 हजार रुपए का भरण-पोषण भत्ता दें। साथ ही उन्होंने तहसीलदार को तत्काल अनाधिकृत कब्जा हटाकर बेटों को घर से बेदखल करने का आदेश दिया था। शनिवार को इस आदेश का पालन करते हुए, तहसीलदार और टीआई ने मौके पर पहुंचकर वृद्ध मां को उनके घर का कब्जा वापस दिलाया। कार्रवाई के काफी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा है। हालॉकि कब्जा दिलाने के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय स्थित नहीं बनी है।

चयन ▶ कर्तव्य पथ पर परेड के लिए आयोजित की गई चयन प्रक्रिया, स्वयंसेवकों ने बहाया पसीना

# शरीरिक दक्षता, सांस्कृतिक गतिविधियों और सामान्य ज्ञान के मापदंडों पर किया गया चयन

**नवभारत,कटनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड की चयन प्रक्रिया का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार बाजपेई के निर्देशन और जिला संगठन राष्ट्रीय सेवा योजना डॉक्टर रुक्मणी प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। चयन प्रक्रिया में जिले के सभी राष्ट्रीय सेवा योजना युक्त संस्थाओं के चयनित युवक स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। यह चयन चार श्रेणियां में प्राप्त अंकों के आधार पर की गई। इसमें 50 अंक परेड डील के लिए निर्धारित




किए गए थे, 30 अंक सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए, 10 अंक शारीरिक दक्षता के लिए, 10 अंक एनएसएस और सामान्य ज्ञान के लिए निर्धारित किए गए थे। दो चरण में आयोजित होने वाली चयन प्रक्रिया में प्रथम चरण में शारीरिक दक्षता और परेड देखी गई, जबकि द्वितीय चरण में सांस्कृतिक गतिविधियों और राष्ट्रीय सेवा योजना के सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे गए। इस आधार पर जिला स्तरीय पूर्ण गणतंत्र दिवस चयन प्रक्रिया संपन्न की गई।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार बाजपेई ने स्वयंसेवकों को चयन के मापदंडों के संबंध में छात्रों को जानकारी दी। चयन प्रक्रिया के निर्णायक मंडल के रूप में डॉ सरदार दिवाकर एनसीसी अधिकारी, डॉ माधुरी गर्ग, डॉ रुक्मणी प्रताप सिंह, डॉ सतीश कुमार तिवारी, डॉ अभिलाषा चौरसिया, डॉ प्रतिमा सिंह विभिन्न महाविद्यालय की कार्यक्रम अधिकारीयों का सक्रिय सहयोग रहा। चयन प्रक्रिया और गणतंत्र दिवस परेड नई दिल्ली में हिस्सा लेने वाले सचिन पटेल, जिला स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आरपी सिंह और आभार प्रदर्शन डॉ माधुरी गर्ग द्वारा किया गया।

#### उमरियापान कॉलेज के स्वयं सेवक हुए चयनित

तिलक कॉलेज में आयोजित चयन प्रक्रिया में उमरियापान के सरकारी कॉलेज की कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभिलाषा चौरसिया के मार्गदर्शन में तीन स्वयं सेवकों प्रिया साहू, कंचन लोधी, संगम रजक ने सहभागिता दी। जिला स्तरीय प्री परेड में 9 स्वयं सेवकों का चयन हुआ है। जिसमें शासकीय महाविद्यालय उमरियापान से प्रिया साहू और संगम रजक का चयन जिला स्तरीय प्री परेड में हुआ है। चयनित स्वयंसेवक 19 सितंबर को संभाग स्तरीय प्री परेड में सहभागिता करेंगे।


धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED



डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।



डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनीग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024

17 वर्ष का चिकित्सकीय अनुभव
आज की जरूरत है होम्योपैथिक चिकित्सा
हो जाएं जब सब जगह से निराश Cure Zone जगाए आस
www.curezon.com

क्या आप ऐलोपैथिक, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के द्वारा इलाज से उचित लाभ नहीं ले पा रहे हैं? तो आज ही अपनी विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों के लिए संपर्क करे।



Dr.V.B.Khare

क्योर जोन
होम्योपैथिक क्लीनिक एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श केन्द्र

डॉ. व्ही. बी. खरे
M.A.Psych., B.Sc. B.H.M.S.,C.C.H., P.G.D.P.C., D.N.Y.S.
(होम्योपैथिक विशेषज्ञ एवं मनोवैज्ञानिक सलाहकार)

डॉ. अनुभा खरे
B.H.M.S.,D.N.Y.S., C.C.H
(होम्योपैथिक एवं सौंदर्य विशेषज्ञ)

चर्मरोग, वात रोग, बार-बार पथरी होना, किडनी के रोग, माइग्रेन, बालो का झड़ना, बच्चों के रोग, महिलाओं के रोग, यौन रोग, लकवा, मोटापा, थाइराइड प्राब्लम, PCOD, किसी भी प्रकार की गॉठ, बवासीर एवं सभी प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक आघात की चिकित्सा व मानसिक रोग, डिप्रेशन, तनाव आदि के उपचार के लिए संपर्क करें।

मोहन टॉकीज के पीछे, शुभ श्री टेलर के सामने, फर्स्ट फ्लोर, कटनी (म.प्र.)
फोन- 9406540935, 7067230030, 07622-408111